# अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह (मुरैना) म0प्र0

(शासीनिकाय की बैठक दिनांक 27.09.2023 की मिनिट्स)

शासी निकाय की बैठक दिनांक – 27.09.2023

समय – 11:00 बजे

स्थान – प्राचार्य कक्ष, महाविद्यालय अम्बाह

मीटिंग में उपस्थित/अनुपस्थित पदाधिकारियों/सदस्यो की हस्ताक्षर युक्त सूची :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. ओ. पी. शुक्ला – | अध्यक्ष शासी निकाय | उपस्थित |
| 2. | श्री राजकुमार व्यास – | सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 3. | श्री गुणाकर शर्मा, एडवोकेट – | सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 4. | श्री प्रवीण शर्मा, एडवोकेट – | सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 5. | डॉ. प्रकाश चन्द्र शर्मा – | सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 6. | श्री संजय शर्मा, उद्योगपति – | सदस्य शासी निकाय | उपस्थित |
| 7. | डॉ. राधा तोमर, (आचार्य S.O.S. रसायन) – | विश्वविद्यालय प्रतिनिधि (जी.वि.वि. ग्वालियर) | अनुपस्थित |
| | प्रो. रेखा भदौरिया, से.नि. प्राध्यापक – | सदस्य शासी निकाय | अनुपस्थित |
| 9. | डॉ. (श्रीमती) भारती शुक्ला, प्राचार्य (अग्रणी महाविद्यालय, मुरैना) – | शासन प्रतिनिधि | अनुपस्थित |
| 10. | डा विवेक कुमार जैन, (सहा. प्रा. रसायन) – | शिक्षक प्रतिनिधि | उपस्थित |
| 11. | डॉ. दिनेश रावत (सहा. प्रा. भूगोल) – | शिक्षक प्रतिनिधि | उपस्थित |
| 12. | श्री रामबरन राठौर (प्र. हेड क्लर्क महाविद्यालय अम्बाह) – | सदस्य | उपस्थित |
| 13. | प्रो. विश्वास मेढ़ेकर, प्राचार्य (महाविद्यालय अम्बाह) – | पदेन सचिव | उपस्थित |

आज दिनांक 27.09.2023 को प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय शासी निकाय की बैठक अध्यक्ष डॉ. ओ. पी. शुक्ला की अध्यक्षता में महाविद्यालय, प्राचार्य कक्ष में आयोजित हुई जिसमें निम्न ठहराव पारित किये गये :–

1. शासीनिकाय की पिछली बैठक दिनांक 17.06.2023 की मिनिट्स पुष्टि हेतु समिति में प्रस्तुत की गई, जिसकी पुष्टि की गई।

2 (अ) ऑटोनोमस परीक्षा का आडिटेड लेखा 2022–23 समिति के समक्ष पुष्टि हेतु रखा गया। आडिटेड लेखा में आय रू. 28,33,524/– तथा व्यय रू. 28,33,524/– दिखाये गये। लेखे में रू. 5,36,813/–शुद्ध बचत दिखाये गये है। समिति ने परीक्षण उपरान्त अपनी पुष्टि प्रदान की।

(ब) सामान्य लेखा पुष्टि हेतु समिति के समक्ष रखा गया। लेखे के अनुसार इस सत्र में रू. 81,12,441/– by excess of expenditure over income C/O to B/S दिखाया गया है परन्तु इसमें एनेक्सजर–ए के अनुसार (समस्त मदों की आय जोडने पर) Additions रू. 95,45,858/– तथा Deduction व्यय रू.

D:\GB_Meeting\minits jan08\Page No.386

60,35,768/— दिखाया गया है जिससे एनेक्सचर—ए के अनुसार अंतर राशि घटाने पर रू. 46,02,351/— अंतर प्राप्त होता है। समिति ने इस लेखे का परीक्षण किया और अपनी पुष्टि प्रदान की, साथ ही यह भी निर्देश दिया कि बचत करने हेतु व्यय में मितव्यता बरती जावे।

3. नैक एवं स्वशासी व्यवस्था के नवीनीकरण के सम्बन्ध मे की गई कार्यवाही की जानकारी नैक प्रभारी डॉ. व्ही.के. जैन द्वारा समिति के समक्ष रखी गई। इसके साथ ही प्राचार्य महोदय द्वारा भी ऑटोनोमस व्यवस्था के नवीनीकरण की जानकारी से अवगत कराया गया। समिति अवगत हुई तथा अपना निर्णय दिया कि चूंकि संस्था द्वारा दिनांक 15.09.2023 को SSR जमा की गयी तथा इस सम्बन्ध में Student सर्वे की कार्यवाही चल रही है। आगामी कार्यवाही जारी रखी जावे।

स्वशासी व्यवस्था के सम्बन्ध में प्राचार्य द्वारा दी गयी जानकारी पर विचार किया गया। चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया कि यू0जी0सी0 नई दिल्ली से निर्देश प्राप्त होने तक स्वशासी व्यवस्था जारी रखी जावे।

4. सत्र 2023—24 में नवीन प्रवेशित छात्र संख्या की जानकारी समिति के समक्ष रखी गई। समिति सूचित हुई, नवीन प्रवेशित संख्या अभी तक 375 है। पुष्टि की गई।

5. प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर के सेवानिवृत्त के सम्बन्ध में अति0 संचालक उच्च शिक्षा, म0प्र0 ग्वालियर के पत्र क्र0 1150 दि0 28.07.2023 के आदेशानुसार प्रभारी प्राचार्य प्रो0 विश्वास मेढ़ेकर के कार्यग्रहण करने सम्बन्धी जानकारी से समिति को अवगत कराया गया। समिति सूचित हुई तथा पुष्टि की गयी।

6. पोरसा के लिये बस चलाने सम्बन्धी प्रकरण समिति के समक्ष रखा गया। इस सम्बन्ध में की गई कार्यवाही समिति को दी गयी। निर्णय लिया गया कि इस कार्य में गति दी जावे तथा की गई कार्यवाही समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जावे।

7. संस्था में सत्र 2023—24 में (जुलाई/अगस्त) में की गयी मानसेवी (मानदेयी) नियुक्तियों की सूचना समिति में रखी गई। समिति सूचित हुई तथा अपनी पुष्टि प्रदान की।

8. **अन्य प्रकरण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से :—**

1. महाविद्यालय में यू0जी0सी0 व्यवस्था की NAAC होनी है जिसके लिये आवश्यक उपकरण क्रय किये जाने है। अतः इसकी पूर्ति हेतु शिक्षा समिति परगना, अम्बाह से रू. 5,00,000/— की मांग की जावे। चूंकि महाविद्यालय की आर्थिक स्थिति इस समय ठीक नही है। अतः छात्रों से वसूल की गई समिति शुल्क से इस राशि की मांग की जावे। आर्थिक स्थिति ठीक होने पर यह राशि वापिस कर दी जावेगी।

2. श्री अजीत जैन तथा श्री मनोज कुमार शर्मा को नियमित करने बाबत् आवेदनों पर विचार किया गया। निर्णय लिया कि संस्था द्वारा निर्धारित शपथपत्र प्रस्तुत करने के उपरांत इनके आवेदनों पर विचार किया जावे।

अंत में अध्यक्ष महोदय के प्रति आभार प्रदर्शन के उपरांत मीटिंग की कार्यवाही समाप्त की गई।

हस्ताक्षर/—
अध्यक्ष शासी निकाय
स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह

हस्ताक्षर/—
प्राचार्य
स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह

D:\GB_Meeting minits jan08\Page No.387



Attested

प्राचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह (म0प्र0)